**कक्षा - पहली** **विषय - हिन्दी**

**पुस्तक - कनक हिंदी पाठमाला** **उपविषय - 'उ( ु ) की मात्रा'**

**टीचर - सुमन शर्मा**

## 'उ( ु ) की मात्रा'

सुप्रभात बच्चो !
यह पाठ कक्षा पहली, विषय - हिन्दी, पाठ्य पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला, पाठ नं॰ 5, पेज नं॰ 29 'उ( ु ) की मात्रा' से लिया गया है।

बच्चो ! आज हम **'उ( ु ) की मात्रा'** के बारे में पढ़ेंगे। इससे पहले हमने कौन - कौन सी मात्राएँ की हैं? आइए, उन्हें दोहराते हैं।

**आ - ा**

**इ - ि**

**ई - ी**

**उ - ु**

बच्चो ! आज हम छोटे उ( ु ) की मात्रा को कैसे लिखते हैं ? तथा इसे कैसे बोलते हैं - सीखेंगे। बच्चो ! जैसे कि आप जानते हैं कि प्रत्येक मात्रा का एक चिह्न (symbol) होता है, उसी तरह छोटे उ( ु ) की मात्रा का अपना एक symbol है। इसे कैसे लिखते हैं ? मैं आपको अभी बताती हूँ। इस से पहले मैं आपको एक ज़रूरी बात बताना चाहती हूँ कि छोटे उ( ु ) की मात्रा हमेशा व्यंजन के नीचे यानि कि पैर में लगती है। आइए अब मैं आपको छोटे उ( ु ) की मात्रा लिखना सिखाती हूँ। पहले एक छोटा सा गोला यानि कि (circle) बनाएँगे। फिर उसके साथ ही उसकी (tail) निकाल देंगे (left side) ु को, जैसा चित्र में दिखाया गया है।

कु ु

कक्षा पहली | विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला | उपविषय - उ( ु ) की मात्रा

टीचर - सुमन शर्मा

आइए व्यंजनों को उ( ु ) की मात्रा लगाकर कैसे पढ़ते हैं। उसका अभ्यास करते हैं। आप सब मेरे पीछे-पीछे दोहराएँगे। सबसे पहले 'उ' की ध्वनि दोहराते हैं। उ - उ - उ - उ। छोटे उ( ु ) की ध्वनि भी छोटी ही होगी।

क + ु = कु

म + ु = मु

ख + ु = खु

ग + ु = गु

च + ु = चु

न + ु = नु

त + ु = तु

द + ु = दु

ब + ु = बु

स + ु = सु

ध + ु = धु

य + ु = यु

व + ु = वु

बच्चो! आपको अब उ( ु ) की मात्रा तथा उसकी ध्वनि अच्छे से समझ आ गई होगी। आप इसे अन्य व्यंजनों के साथ जोड़कर पढ़ने तथा लिखने का अभ्यास कर सकते हैं।

कक्षा - पहली विषय - हिन्दी

## उ (ु) की मात्रा

बच्चो ! आप एक बात और ध्यान में रखेंगे कि उ (ु) की मात्रा 'र' के पैर में नहीं लगेगी। इसमें उ (ु) की मात्रा 'र' के बीच में लगती है - 'रु'।

आइए, ऊपर दिए व्यंजनों से शब्द बनाना सीखते हैं।

कु + ल = कुल                रु

मु + ख = मुख

खु + श = खुश

गु + ण = गुण

चु + न = चुन

तु + म = तुम

दु + म = दुम

बु + न = बुन

सु + न = सुन

यु + ग = युग

धु + न = धुन

पु + ल = पुल

अब मैं आपको वर्णों को जोड़कर नया शब्द बनाना सिखाती हूँ। आप सब भी मेरे साथ - साथ बोलेंगे।

Date

कक्षा - पहली विषय - हिन्दी

## 'उ( ु) की मात्रा'

जा + मु + न = जामुन

सु + पा + री सुपारी

कु + र + सी कुरसी

पु + जा + री पुजारी

मु + र + ली मुरली

सु + म + न सुमन

बु + खा + र बुखार

घु + ट + ना घुटना

बु + ढ़ि + या बुढ़िया

बच्चों ! अब तो आपको 'छोटे उ( ु) की मात्रा' तथा उसके लिखने का तरीका अच्छी तरह से समझ आ गया होगा। अब मैं आपको उ( ु) की मात्रा से संबंधित गृहकार्य देने जा रही हूँ। जिसे आप अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखेंगे।

★ निम्नलिखित शब्दों में उ( ु) की मात्रा लगाइए -:

1) चप
2) खल
3) छप
4) गल
5) पल
6) चनरी
7) सई
8) सख
9) धल
10) खशी

कक्षा - पहली    विषय - हिन्दी


## उ (ु) की मात्रा


Q2. निम्नलिखित अक्षरों को जोड़कर शब्द बनाइए —:

1. सा + बु + न =
2. पु + ड़ि + या =
3. सु + ब + ह =
4. य + मु + ना =
5. म + धु + र =
6. कु + र + ता =
7. कु + ल + दी + प =
8. दु + का + न =


अभिभावकों से अनुरोध है कि उपर्युक्त गृहकार्य करने में बच्चों की मदद करें ताकि बच्चों को यह कार्य अच्छी तरह से समझ आ सके। सभी विद्यार्थी अभ्यास पुस्तिका 'पढ़ो और लिखो स्वर' में छोटे उ (ु) की मात्रा के शब्दों को लिखने का अभ्यास करेंगे।

बच्चो! चलिए अब हम कुछ चित्रों के नाम पढ़ते हैं। ये चित्र 'छोटे उ (ु) की मात्रा' से संबंधित हैं। आप इस कार्य को अपनी नोटबुक में भी लिखेंगे। चलिए, पढ़ना शुरू करते हैं। आप सब भी मेरे पीछे-पीछे दोहराएँगे।

1  गुलाब


3.  धनुष

2.  बुलबुल


4.  पुल


पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला , टीचर - सुमन शर्मा


उ ( ु ) की मात्रा


5. 


साबुन

6. 
कुटिया


7. 
कुलफी

8. 
मुकुट

9. 
बटुआ

10. 
कछुआ

11. 
पुलिस

12. 
मुख

13. 
सुराही

14. 
चुहिया

Last Page